दिनांक 21.08.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ भारत सरकार की ओर से डेंगू नियुत्रण हेतु भिलाई आयी टीम ने आज डेंगू प्रभावित वार्डों का भ्रमण कर कलेक्टर दुर्ग श्री उमेश कुमार अग्रवाल की उपस्थिति में निगम भिलाई सभागार में डेंगू उन्मूलन अभियान से जुड़े जिले के नगरीय निकाय के आयुक्त, सीएमओ, बीएसपी प्रबंधन, निगम भिलाई समस्त जोन आयुक्त, सभी नोडल अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र शाखा जगदलपुर के उपसंचालक डॉ0 संदीप एस जोगदंड ने डेंगू बिमारी के रोकथाम हेतु वार्डों में किये जाने वाले कार्य एवं नागरिकों को एतिहात बरतने हेतु विस्तृत रुप से जानकारी दी गई। डेंगू उन्मूलन हेतु निर्धारित समय अनुसार ही फागींग का कार्य सुनिश्चित करें।

डॉ0 संदीप एस जोगदंड ने प्रमुख रुप से इस बिमारी से नागरिकों को बचाव करने हेतु अपने–अपने प्रभार वाले वार्डों में जाकर इस बिमारी की उन्मूलन एवं रोकथाम हेतु घर–घर पहुंचकर उन्हे बताये कि इस बिमारी से कैसे बचाव किया जा सकता है। जैसे– नाली के पानी में डेंगू का मच्छर नहीं पनपता है, दोपहर में सोने के समय मच्छरदानी का उपयोग अवश्य करें, फुल आस्तिन का कपड़ा पहने, स्कुल जाते समय बच्चों पर विशेष ध्यान देते हुए नारियल का तेल अवश्य लगावें। छत में पानी का जमाव न होने दें, घर में बहुत दिनों तक एक जगह इकट्ठा हुए पानी में मच्छर पनपता है, किसी भी मरीज को बुखार और सर दर्द की शिकायत हो तो तुरंत नजदीकी अस्पताल में जाकर जांच करावें चिकित्सक के सलाह पर दवाई का सेवन करें। इस अभियान में जनता की सहभागिता अति महत्वपूर्ण है इसलिए शासन द्वारा चलाये जा रहे अभियान में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें। घर में रखे सीमेंट की टंकी के पानी को प्रतिदिन बदले एवं टंकी को कपड़े से घिसकर साफ करें। घर में उपयोग किये जाने बर्तन का प्रतिदिन साफ करें। कुलर, गमला, टायर, में पानी जमा न होने दें, घर में अनावश्यक रुप से रखे अनुपयोगी सामान को सफाई मित्र को देवें घर में साफ–सफाई रखते हुए आसपास भी स्वच्छता बनाये रखे।

बैठक में जिला कलेक्टर श्री उमेश कुमार अग्रवाल, एडीएम संजय अग्रवाल, निगम भिलाई, दुर्ग, भिलाई–03 चरोदा, के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान, श्री लोकेश्वर साहू, श्री विपिन शर्मा, डॉ0 अमापाल सिंह, जामुल एवं कुम्हारी सीएमओ, अधीक्षण अभियंता श्री सत्येन्द्र सिंह, आर0के0 साहू, राजस्व अधिकारी श्री एच0के0 चन्द्राकर, समस्त जोन आयुक्त, स्वास्थ्य अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षक, स्वच्छता पर्यवेक्षक सहित अन्य नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

जनसम्पर्क अधिकारी